09 राजस्थान पत्रिका patrika.com
जोधपुर, बुधवार, 18 अगस्त, 2021

# राजकीय कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**पीपाड़सिटी.** राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन बुधवार से शुरू होंगे। इसके साथ ही इस सत्र में शुरू हुए नवीन सह शिक्षा महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया भी बुधवार से शुरू होगी। प्राचार्य एवं नवीन महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. नीना जैन ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार दोनों महाविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। 6 सितंबर को वरीयता सूची और प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 11 सितंबर तक विद्यार्थी ई-मित्र के माध्यम से फीस जमा करवा सकेंगे। राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाएं 24 से 27 अगस्त तक आयोजित होंगी। निसं

**शेरगढ़ @ पत्रिका.** स्थानीय वीर शिरोमणि राव देवराज राठौड़ राजकीय महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। प्रवेश नोडल अधिकारी मोहनदान ने बताया कि प्रथम वर्ष की 200 सीटों के लिए आवेदक अपनी एसएसओ आइडी से ऑनलाइन ही आवेदन 31 अगस्त तक कर सकते हैं। निसं

**बालेसर @ पत्रिका.** राणा उगम सिंह इंदा राजकीय महाविद्यालय बालेसर में बीए प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र बुधवार से शुरू होंगे। प्राचार्य सुनीता चावड़ा ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए अ ॉनलाइन आवेदन बुधवार से शुरू हो जाएंगे। निप्र

**बिलाड़ा @ पत्रिका.** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश प्रि या आज से प्रारंभ होगी। प्रवेश प्रभारी अशोक विश्नोई ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 31 अगस्त तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निप्र

Scanned with CamScanner